तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

11 राजनेताओं ने लिया संत कबीर के बताए रास्ते...



12 बारिश के दिनों में आषाढ़ सूखा, बादल लापता...





प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

# बारिश की बेरुखी से खेती पर संकट, बोरवेल के सहारे धान की बोनी कर रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में मानसून की सुस्त रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खरीफ़ सीजन की शुरुआत के बावजूद पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेत सूने पड़े हैं। ऐसे में किसान मजबूरी में दो अलग-अलग तरीकों से धान की बोनी कर रहे हैं। जिन किसानों के पास निजी बोरवेल की सुविधा है, वे सिंचाई कर धान की बोनी कर रहे हैं, जबकि अधिकांश किसान सूखी जुताई कर खेतों में धान का बीज छिड़ककर अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हर साल जून के अंत तक अधिकांश खेतों में धान की रोपाई और बोनी का कार्य तेज़ी से चलने लगता है, लेकिन इस वर्ष बारिश नहीं होने से कृषि कार्य प्रभावित हो गए हैं। समय पर बारिश नहीं होने से किसानों के सामने फसल की पैदावार को लेकर चिंता गहराने लगी है।

**समय पर बारिश नहीं होने से किसानों को सता रही चिंता**

### दोबारा बोनी की नौबत आ सकती है

किसानों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो दोबारा बोनी की नौबत आ सकती है, जिससे खेती की लागत और बढ़ जाएगी। वहीं जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन नहीं हैं, वे पूरी तरह मानसून पर निर्भर हैं और आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।



### खाद की कमी, बढ़ी परेशानी

इधर, किसानों की मुश्किलें केवल बारिश की कमी तक सीमित नहीं हैं। बारिश शुरू होने के साथ ही खाद की मांग बढ़ने लगी है, लेकिन कई क्षेत्रों में खाद की उपलब्धता भी चिंता का विषय बनी हुई है। समय पर खाद नहीं मिलने की आशंका ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले कुछ दिनों में अच्छी बारिश होने पर स्थिति में सुधार संभव है, लेकिन यदि मानसून की बेरुखी जारी रही तो खरीफ़ फसलों पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### कोटवार एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन कल



**मैनपुर।** प्रदेशभर के कोटवार अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने और मांगों को पूरा करने 3 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संघर्ष समिति के आह्वान पर यह आंदोलन का निर्णय लिया गया है। आज कोटवार संघ द्वारा धरना प्रदर्शन को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष नोखेश्वर जगत, सचिव कुंवर प्रधान, संरक्षक घनश्याम नेताम, गिरधारी लाल, झुरूराम नेताम, बसंत जगत, भुशण डोंगरे, लखन सोनवानी, सुरेश देववंशी, जगदीश जगत, बजरंग देववंशी, कुंतीबाई नेताम, मेहत्तर नागेश एवं कोटवार संघ के सदस्य उपस्थित थे।

### मन की बात नहीं, जनता की बात सुनने का है समय

**कोपरा।** केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुये पूर्व जनपद अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पुष्पा साहू ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों और युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित है, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने के बजाय प्रचार-प्रसार में अधिक व्यस्त दिखाई देती है। उन्होंने कहा, देश की जनता अब केवल भाषण नहीं, बल्कि रोजगार, किसानों को उचित मूल्य, महंगाई से राहत और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाले ठोस फैसले चाहती है। यदि सरकार वास्तव में जनता के साथ है, तो उसे जनता की आवाज़ सुननी होगी और उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है, किसान लागत और फसल के उचित दाम के लिए संघर्ष कर रहे हैं तथा बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। ऐसे समय में सरकार को आत्ममंथन कर जनहित के मुद्दों पर प्राथमिकता से काम करना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता के प्रति जवाबदेही है।



## उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व एंटी पोचिंग टीम को महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर मिली सफलता

# बाघ की खालें जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

संगठित वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व के एंटी–पोचिंग दल ने ऑपरेशन सेफ पैसेज के अंतर्गत महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ सीमा पर सक्रिय एक अंतर्राज्यीय वन्यजीव तस्करी नेटवर्क का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। वाइल्डलाइफ जस्टिस कमीशन से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर यह संयुक्त अभियान उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व के एंटी–पोचिंग यूनिट, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो केंद्रीय मुंबई, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो पश्चिम भोपाल, राज्य स्तरीय फ्लाइंग स्क्वॉड, पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मंडल तथा गरियाबंद पुलिस के वैकएंड सहयोग से संचालित किया गया।

- ऑपरेशन सेफ पैसेज महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर अंतर्राज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, बाघ गलियारे की सुरक्षा को मिली बड़ी सफलता

### जेल भेजे गए आरोपी

संयुक्त कार्रवाई के दौरान महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ सीमा पर बाबूराव मडावी एवं बिजेश्वर गेडाम को दो बाघों की खाल एवं मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पश्चिम परलकोट परिक्षेत्र, पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मंडल, जिला कांकेर द्वारा वन अपराध प्रकरण 29 जून पंजीबद्ध किया गया है तथा दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इसी क्रम में आज इंद्रावती टाइगर रिजर्व की टीम द्वारा ग्राम नेटीवाड़ा, जिला बीजापुर से तुलसीराम मज्जी नामक एक शिकारी को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बिजेश्वर गेडाम, निवासी अहेरी, जिला गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) के कथन के आधार पर उसके निवास से लगभग 5 किलोग्राम पैंगोलिन के शल्क भी बरामद किए गए हैं, जिससे अनुसूची–आई के अनेक वन्यजीवों की संगठित तस्करी में उसकी संलिप्तता के संकेत प्राप्त हुए हैं।

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी महाराष्ट्र पुलिस विभाग से संबद्ध कर्मचारी हैं, जिससे यह मामला और अधिक गंभीर हो गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार बरामद बाघों का शिकार इंद्रावती टाइगर रिजर्व–अबूझमाड़ क्षेत्र में किया गया था, जो मध्य भारत के सबसे महत्वपूर्ण बाघ आवास क्षेत्रों में से एक है।



### बाघ गलियारे का सामरिक एवं पारिस्थितिक महत्व

यह अभियान गढ़चिरौली के वन क्षेत्र–इंद्रावती टाइगर रिजर्व–अबूझमाड़–उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व–सुनाबेड़ा वन्यजीव अभयारण्य (ओडिशा) को जोड़ने वाले लगभग 400 किलोमीटर लंबे बाघ गलियारे की सुरक्षा के लिए उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह परिदृश्य मध्य भारत के सबसे महत्वपूर्ण वन्यजीव प्रसार गलियारों में से एक है। महाराष्ट्र के बाघ–समृद्ध क्षेत्रें से निकलने वाले बाघ प्राकृतिक रूप से इसी गलियारे का उपयोग करते हुए उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में सुरक्षित एवं उपयुक्त आवास की खोज में पहुंच रहे हैं। बाघों के अतिरिक्त यह गलियारा एशियाई हाथी, गौर (भारतीय बाइसन), जंगली भैंसा तथा अनेक अन्य वन्यजीव प्रजातियों के सुरक्षित आवागमन एवं दीर्घकालिक आनुवंशिक संपर्क बनाए रखने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### सतत एंटी–पोचिंग प्रयासों के सकारात्मक परिणाम

उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा संचालित यह पहला सफल अंतर्राज्यीय वन्यजीव अपराध नियंत्रण अभियान नहीं है। वर्ष 2023 में एंटी–पोचिंग दल ने महाराष्ट्र के एटापल्ली एवं छत्तीसगढ़ के बीजापुर में दो बड़े संयुक्त अभियान संचालित कर कई शिकारियों को गिरफ्तार किया था तथा दो बाघों की खाल जब्त कर एक अंतर्राज्यीय शिकारी गिरोह का भंडाफोड़ किया था। इसी प्रकार अप्रैल 2026 में उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व के दल ने अबूझमाड़–दंतेवाडा क्षेत्र में 9 विशाल भारतीय गिलहरियों का शिकार करने वाले एक शिकारी को गिरफ्तार किया था। इन निरंतर प्रवर्तन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप इस परिदृश्य में सक्रिय संगठित शिकारी नेटवर्क काफी कमजोर हुए हैं तथा इस बाघ गलियारे में बाघों की आवाजाही के प्रमाणों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

**संरक्षण का संदेश** – ऑपरेशन सेफ पैसेज की सफलता यह सिद्ध करती है कि खुफिया जानकारी आधारित कार्रवाई, विभिन्न एजेंसियों के प्रभावी समन्वय तथा वैज्ञानिक रणनीति के माध्यम से संगठित वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।

## 48 किलो गांजा जब्त तीन तस्कर गिरफ्तार

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के देवभोग थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगातार दो अलग–अलग मामलों में कुल 48.300 किलो अवैध गांजा जब्त किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त 02 चारपहिया वाहन और 04 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री का कुल मूल्य करीब 31 लाख 31 हजार रुपये बताया गयी है। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद देवव्रत सिरमौर के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अंतर्राज्यीय खुटगांव चेक पोस्ट पर नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान उड़ीसा और महाराष्ट्र की ओर से छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। पहले मामले में कार क्रमांक सीजी 08 एए 2218 की डिक्की से प्लास्टिक बोरी में रखा 08.100 किलो गांजा बरामद हुआ। वहीं दूसरे मामले में मारुति रिट्ज कार क्रमांक एमएच 51 ए 2012 से 40.200 किलो गांजा जब्त किया गया। एनडीपीएस किट से जांच में बरामद पदार्थ गांजा होना पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपियों से गांजा रखने एवं परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा, दोनों वाहन और चार मोबाइल फोन जब्त किए गए। तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(इ) के तहत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है। देवभोग पुलिस की इस कार्रवाई को अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।




## बारिशकाल शुरू पर महानदी में पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

बारिशकाल शुरू हो चुका है और महानदी में पानी नहीं है। धार की बात दूरे बूंदभर भी पानी नहीं है। तस्वीर में साफ नजर आ रहा है पाट भांठा मैदान की तरह। बेलाहीघाट पुल से नदी के बीच श्री कुलेश्वरनाथ महादेव का मंदिर भी दिख रहा है। नदी का यह दृश्यभी जो इस बात की गवाही दे रहा है कि प्रदेश की जीवनदायिनी महानदी इन दिनों जल नहीं, बल्कि सूखे और वीरानी की कहानी कह रही है। नदी के विस्तृत पाट में पानी की जगह जलकुंभी, घास और बंजर जैसी जमीन दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर ऐसा प्रतीत होता है मानो नदी नहीं, बल्कि कोई खाली मैदान हो। धमतरी जिले के सिहावा से निकलकर आई महानदी राजिम पहुंचकर पैरी और सोंढूर नदी के साथ मिलकर त्रिवेणी संगम बनती है। यहां से ओडिशा के कटक तक जाकर समुद्र में समाहित हो जाती है। बता दें कि सामान्य वर्षों में इस समय तक नदी में पर्याप्त जल प्रवाह रहता था, लेकिन इस बार मानसून की बेरुखी ने पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। नदी में अब तक नई बारिश का पानी नहीं पहुंचा है, जिससे धार कहीं नजर नहीं आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जून के अंतिम सप्ताह तक प्रायः महानदी में पानी बढ़ने लगता था और कई बार तेज बहाव भी देखने को मिलता था। लेकिन इस वर्ष स्थिति बिल्कुल उलट है। नदी के बीच उगी जलकुंभी और घास यह संकेत दे रही है कि लंबे समय से पानी का बहाव नहीं हुआ है। यह पर्यावरण के लिए चिंता का विषय है, बल्कि किसानों, पशुपालकों और नदी पर निर्भर लोगों की परेशानी भी बढ़ा रहा है। यदि आने वाले दिनों में अच्छी और लगातार बारिश नहीं हुई, तो खेती-किसानी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।



## सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर मौत

**पाण्डुका।** थाना क्षेत्र पांडुका अंतर्गत सरकड़ा–पांडुका मुख्य मार्ग पर बुधवार को दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई, इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना लगभग 1 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मृतक गैंद विश्वकर्मा पिता लोकेश विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष, तो दूसरा युवक तिजेश्वर साहू पिता हेमू राम साहू 19 वर्ष दोनों युवक ग्राम रजनकटा के बताए जा रहे हैं। कौन सी गाड़ी ने टक्कर मारी अभी अज्ञात है, और फिलहाल जांच का विषय है। वही यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी कार ने ठोकर मारी है या फिर बड़ी गाड़ी ने सड़क पर बड़े बड़े चक्के के निशान देख ट्रक या हाइवा के द्वारा रौदा गया होगा। दुर्घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए है। थाना प्रभारी पांडुका ⏭ शेष पेज 10 पर

## शाला प्रवेशोत्सव में जाने से भाजपा के योगीराज को पुलिस ने रोका, कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी



**मैनपुर।** शाला प्रवेश उत्सव आमंत्रण कार्ड में नाम नहीं होने के कारण जिला पंचायत सदस्य एवं मैनपुर जनपद सदस्य सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र के कोई भी जनपद सदस्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। वहीं मैनपुर क्षेत्र के बड़े भाजपा नेता भी कार्यक्रम से अपने आपको किनारा कर लिए और कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। अतिथियों के लिए मंच पर लगायी गई कुर्सियां खाली नजर आ रही थी। वहीं दूसरी और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भाजपा युवा मोर्चा गरियाबंद के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य डॉ. योगीराज माखन कश्यप पहुंचे, लेकिन उन्हें कार्यक्रम में जाने से पहले ही पुलिस ने रोक दिया। डॉ. योगीराज माखन कश्यप काला कलर के शर्ट पहने होने के कारण पुलिस ने उन्हें रोका। इस दौरान योगीराज माखन कश्यप ने बताया गया कि वे भाजपा के पदाधिकारी हैं, साथ ही जनपद सदस्य है। इसके बावजूद भी उन्हें कार्यक्रम में नहीं जाने दिया गया, इसकी जानकारी लगते ही स्थानीय जनपद सदस्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। डॉक्टर योगीराज कश्यप ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा उन्हें कार्यक्रम में क्यों जाने नहीं दिया गया, यह समझ से परे हैं, जबकि उन्होंने अपना आइडेंटिटी कार्ड और लेटर पैड भी दिखाया।

- भाजपाईयों ने किया जमकर हंगामा

### विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नराजगी दिखाई

मैनपुर विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में आमंत्रण नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए तथा उपेक्षा किये जाने से भारी नराज दिखे। एक तरफ शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम चल रहा था, तो दूसरी तरफ भाजपा पदाधिकारियों और कई कार्यकर्ताओं की बैठक हो रही थी, जिसमें खुलेआम आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा हमें सिर्फ चुनाव के समय याद किया जाता है और बाकी समय भुल जाते हैं। दूर – दूर से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा इतने बड़े कार्यक्रम का उन्हें आमंत्रण नहीं मिलना और उपेक्षा करना बेहद गलत है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री से करेंगे और तो और शाला विकास समिति के अध्यक्ष का भी नाम आमंत्रण पत्र में नहीं होने से भारी नारजगी देखने को मिली। सूत्रों के अनुसार भाजपाइयों के गुस्सा के चलते आज मैनपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम कैंसल करना पड़ा।

**बारिश में सड़क किनारे खड़े रहने को मजबूर यात्री**

# रायपुर-देवभोग मार्ग पर यात्री सुविधाएं बदहाल, प्रतीक्षालय तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

प्रदेश के प्रमुख अंतरजिला मार्गों में शामिल रायपुर-देवभोग-उड़ीसा सड़क पर प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं। लगभग 217 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर निजी यात्री बसों का लगातार संचालन होता है। इन बसों में अच्छी-खासी संख्या में यात्री सफर करते हैं और रास्ते में पड़ने वाले दर्जनों गांवों, कस्बों तथा शहरों के लोग इसी परिवहन व्यवस्था पर निर्भर हैं। इसके बावजूद इस पूरे मार्ग पर यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। रायपुर से देवभोग तक का सफर अभनपुर, नवापारा, राजिम, श्यामनगर, सुरसाबांधा,कोपरा, पांडुका, पोंड़, बारूका, मालगांव, गरियाबंद, जोबा, नवागढ़, धवलपुर, मैनपुर, तौरेंगा, धुरवागुड़ी, गोहरापदर, होते हुए देवभोग तक पहुंचता है। इनमें से अधिकांश स्थान बड़े गाँव या कस्बाई क्षेत्र हैं, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बसों का इंतजार करते हैं। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि एक-दो स्थानों को छोड़ दें तो अधिकांश बस स्टॉप पर न तो यात्री प्रतीक्षालय हैं और न ही बसों की समय-सारिणी दर्शाने वाले सूचना बोर्ड लगे हुए हैं। यात्री सुबह से लेकर देर शाम तक सड़क किनारे बसों की प्रतीक्षा करते दिखाई देते हैं। तेज धूप हो, कड़ाके की ठंड हो या मूसलाधार बारिश-लोगों के पास खड़े रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। कई बार महिलाएं, बुजुर्ग, छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाले परिवार और छात्र-छात्राएं अपने बैग और सामान लेकर किसी पान दुकान, छोटे होटल या टपरे की आड़ में खड़े रहने को मजबूर हो जाते हैं। बारिश होने पर उन्हें भींगते हुए बस का इंतजार करना पड़ता है। इस मार्ग की सबसे बड़ी समस्या बसों की समय-सारिणी का अभाव भी है। किसी भी प्रमुख बस स्टॉप पर यह जानकारी उपलब्ध नहीं रहती कि कौन-सी बस किस समय रायपुर या देवभोग की ओर जाएगी। किस कंपनी की बस कब पहुंचेगी, इसका कोई अधिकृत बोर्ड नहीं होने से यात्रियों को बार-बार लोगों से पूछताछ करनी पड़ती है। कई बार गलत जानकारी मिलने पर यात्रियों की बस छूट जाती है या उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। रायपुर-देवभोग मार्ग व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी कार्यों और ग्रामीण आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन हजारों लोग इसी मार्ग से जिला मुख्यालय और राजधानी तक आते-जाते हैं। इसके बावजूद यात्री सुविधाओं की अनदेखी समझ से परे है। परिवहन व्यवस्था केवल बस चलाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिन प्रमुख गाँवों और कस्बों से बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं, वहां पक्के यात्री प्रतीक्षालय बनाए जाएं। प्रत्येक बस स्टॉप पर बसों की अद्यतन समय-सारिणी, रूट और बस ऑपरेटरों की जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड लगाए जाएं। इससे यात्रियों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिलेगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था ⏭ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### जिपं अध्यक्ष ने बच्चों को मिठाई खिला कराया शाला प्रवेश



**मैनपुर।** जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में गरियाबंद जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने नौनिहाल बच्चों को मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। बच्चों को पुस्तक का भी वितरण किया।

### संशिमं समाज को संस्कृति सभ्यता से जोड़ रहाः साहू



**राजिम।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक शाला में व्यवस्थापक अजय साहू ने कहा कि शिशु मंदिर ही एक ऐसा विद्यालय हैं जो समाज को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने का प्रयास कर रहा हैं। आज जब पूरा समाज धीरे धीरे पाश्चात्य संस्कृति को अपनाने की ओर आगे बढ़ रहा है, तब विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूरे समाज को अपने जड़ों से पुरानी संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखने का भरसक प्रयास कर रही है। इन प्रयासों में सफलता प्राप्त करने के लिए अध्यापन कराने वाले आचार्यों का प्रशिक्षित होना बहुत ही आवश्यक हैं। इसलिए वर्ष के प्रारम्भ में ही सभी आचार्य- दीदीयों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से यह आवर्ती वर्ग आयोजित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि यहां प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में प्राचार्य गोविन्द चौधरी, प्रधानाचार्य नामदास लहरे ,उत्तम साहू ,सुश्री महेश्वरी दीदी मौजूद थे।

### समाज सेवा में अग्रणी कार्य के लिए रमेश यदु सम्मानित



**छुरा।** ग्लोबल जर्नलिस्ट एवं मीडिया संघ छत्तीसगढ़ का बिलासपुर में आयोजित सम्मान समारोह में सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु का समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी काम करने पर संघ की ओर से सम्मानित किया गया। विदित हो रमेश यदु ने अविभाजित मध्यप्रदेश समय से यादव समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वहीं वर्तमान में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व निर्वहन करते हुए अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग की स्वाभिमान एवं न्याय के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। यही कारण है कि सरगुजा से लेकर बस्तर तक पूरे प्रदेश में इनकी पहचान एक सच्चे समाज सेवक के रूप में बना हुआ है, वहीं किसी भी छोटे- बडे समस्या व सुख दुःख में लोगों के साथ खड़े रहते हैं, तथा दलगत भाव से उपर आकर शासन प्रशासन से न्याय की लड़ाई में आगे रहते हैं, इनके लंबे समय से संकल्पित समाज सेवा के लिए ग्लोबल जर्नलिस्ट एवं मिडिया संघ बिलासपुर द्वारा इन्हें सम्मानित करने से समाज व शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

## पेज 9 के शेष

### सड़क हादसे में...

से मिली जानकारी के अनुसार मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दिए हैं कौन सी गाड़ी ने ठोकर मारी है, एक्सीडेंट कैसे हुआ उसका पता लगाया जा रहा है। घटना से ग्राम रजनकटा तथा क्षेत्र में शोक का माहौल है। दुर्घटना से जुड़ी अन्य जानकारी पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी।

### रायपुर-देवभोग मार्ग...

अधिक व्यवस्थित तथा भरोसेमंद बन सकेगी। रायपुर से देवभोग तक का यह मार्ग केवल एक सड़क नहीं, बल्कि हजारों लोगों के दैनिक जीवन की जीवनरेखा है। ऐसे में यात्रियों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन, परिवहन विभाग और स्थानीय निकायों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस पहल की जाती है तो यात्रा अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक बन सकती है।

# पीएम आवास प्लस 2.0 की सूची में पात्रों की उपेक्षा, अपात्र लाभान्वित

**अभनपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आवास प्लस 2.0 के तहत जारी हितग्राही सूची के बाद दावा-आपत्ति दर्ज कराने के लिए जनपद पंचायत कार्यालय में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ रही है। चार दिन के शासकीय अवकाश के बाद कार्यालय खुलते ही सुबह से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। दावा-आपत्ति आवेदन जमा करने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं और कई ग्रामीण घंटों तक तेज धूप में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना आवास प्लस 2.0 की अंतिम हितग्राही सूची का वाचन किया गया। सूची सार्वजनिक होते ही कई पंचायतों में ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई। पात्रता निर्धारण और सर्वे प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं, जिससे कई स्थानों पर विवाद और हंगामे जैसी स्थिति भी देखने को मिली। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन परिवारों के कच्चे मकानों का सर्वे किया गया था और जिन्हें योजना का लाभ मिलने की उम्मीद थी, उनके नाम अंतिम सूची से बाहर कर दिए गए। वहीं कुछ ऐसे लोगों के नाम सूची में शामिल होने का दावा किया जा रहा है, जिनके पास पहले से पक्का मकान है। इससे सर्वे और पात्रता निर्धारण की प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं ग्राम सभाओं के दौरान ग्रामीणों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए सूची की निष्पक्ष जांच, पुनः सत्यापन और पात्रता की दोबारा समीक्षा की मांग की। उनका कहना है कि यदि वास्तविक पात्र परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा और अपात्र लोगों को शामिल किया जाएगा, तो प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रभावित होगा।

### दावा-आपत्ति दर्ज कराने जनपद कार्यालय में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

#### गरीबों की सुनवाई नहीं हुई

आवेदन जमा करने आये ग्रामीण महिलाये ममता साहू,मंजू साहू थनौद,गीता डहरिया नायकबांधा,चित्ररेखा,चन्द्रकला साहू,आमनेर,उमा बाई,यशोदा साहू ,डिगेश्वरी निषाद दुलना,फुलेश्वरी साहू भोथीडीह,मोतिम बाई साहू डोमा,कौशिल्या साहू,भगवती साहू,लुकेश्वरी साहू,बिसवंतीन साहू हसदा ने अपने कच्चे मकान की फोटो दिखाते कहा कि ग्राम सभा मे गरीबो की कोई सुनवाई नही हुई तथा संपन्न परिवार जिनके पास पक्का मकान,चारपहिया वाहन,पर्याप्त खेती आदि संसाधन है फिर भी उनका नाम आवास योजना मे शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य बेघर एवं कच्चे मकानों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। ऐसे में पात्र लोगों के नाम छूटना और अपात्र लोगों के नाम शामिल होना पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। विकासखंड के सभी गांवो से इसी प्रकार की शिकायतें सामने आ रही हैं। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने पंचायतों और संबंधित अधिकारियों के समक्ष विरोध दर्ज कराया है तथा सूची में संशोधन, दोबारा सर्वे और पात्रता की पुनः जांच की मांग की है। कुछ पंचायतों में ग्राम सभा के दौरान तीखी बहस और विरोध प्रदर्शन की स्थिति भी बनी।



#### शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी : सीईओ

सीईओ दीपक ठाकुर ने कहा कि पीएम आवास प्लस 2.0 की सूची का वाचन कर अपात्र व्यक्तियो को चिन्हित करना था,अगर अपात्र व्यक्तियो को लाभ मिल रहा है इसकी शिकायत मिलन पर संबंधित कर्मचारियो पर कार्यवाही की जायेगी।

# धुरसा स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**कोपरा।** पूर्व माध्यमिक शाला धुरसा में नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुँह मीठा कराते हुए स्वागत किया। विद्यालय परिसर में बच्चों और अभिभावकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सरपंच होमेश्वरी साहू ने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है, जिससे किसी भी समाज और राष्ट्र का भविष्य मजबूत होता है। प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि वे शिक्षित होकर परिवार, गांव और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने विद्यालय के विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया।

जनपद सदस्य गोदावरी साहू ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ तभी मिलेगा, जब प्रत्येक बच्चा विद्यालय से जुड़कर नियमित अध्ययन करेगा।

प्रधान पाठक दीनूराम निषाद ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र है। यहां विद्यार्थियों के बौद्धिक, नैतिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद संबंधी विकास पर समान रूप से ध्यान दिया जाता है।

इस दौरान दिनूराम निषाद प्रधान पाठक, लुकेन्द्र श्रीवास, देवेंद्र साहू, महेंद्र बंजारे, विश्वकर्मा मैम, चतुर साहू, पुरानीक साहू,शाला विकास समिति खेलावान ध्रुव, पूर्व माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति भुवन साहू, उपाध्यक्ष थानेश साहू, भागीरथी साहू, पुरषोतम साहू, गैंद राम साहू आदि उपस्थिति थे।





## पुस्तक पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**पांडुका।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रुद्राणी सेन एवं विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष त्रिलोक साहू, पंच पद्मिनी ध्रुव तथा अध्यक्षता शाला के प्रधान पाठक एम एल तारक ने की। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कर उन्हें पुस्तक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए अच्छी पढ़ाई लिखाई करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही सभी को नए सत्र की शुभकामनाएं प्रदान की। उपाध्यक्ष त्रिलोक साहू एवं प्रधान पाठक ने शिक्षा का महत्व बताया। इस कार्यक्रम में पालक सदस्य जीतेश्वरी साहू ,अंशु यादव, संतोषी यादव ,भारती साहू ,मीरा साहू, हुमेश साहू ,दुर्गा तारक तथा शाला परिवार से भूपेंद कुमार साहू,गोकुल निषाद, सुरेखा तारक और कार्यालय सहायक योगेश्वर प्रसाद एवं मेघा मिश्रा उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अभिजीत तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गोकुल निषाद ने किया।

## शाला प्रवेशोत्सव पर छात्रों में दिखा उत्साह

**कोपरा।** ग्राम मुरमुरा में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन उत्सवमय वातावरण में डूबा रहा। मधुर स्वागत गीतों, प्रेरणादायक गायन, तालियों की गूंज और बच्चों के उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर, मिठाई खिलाकर तथा आत्मीय स्वागत करते हुए विद्यालय परिवार ने उन्हें शिक्षा के नए सफर की शुभकामनाएं दीं। शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनिल साहू ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा शिक्षा के महत्व को समझते हुए उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें। मुरमुरा के सरपंच दीपक ध्रुव ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा धन है, जिसे कोई छीन नहीं सकता। शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना है और यह तभी सफल होगा जब समाज और अभिभावक अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।



## मोंगरा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**छुरा।** मोंगरा स्थित पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में नए शैक्षणिक सत्र के स्वागत हेतु प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत सचिव द्वारिका सेन और वन समिति अध्यक्ष रामचंद्र नायक ने शिक्षा को जीवन का आधार बताते हुए पालकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहें।महिला समूह की कार्यकर्ता रजनी बाई नेताम का विशेष योगदान रहा।

## नवीन प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव मना



**सुरसाबांधा।** ग्राम सुरसाबांधा स्थित नवीन प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम की उपसरपंच सीतेश्वरी वर्मा रहीं। उनके साथ सूर्यकांत वर्मा, हेमंत साहू, चंद्रहास साहू, अहल्या वर्मा एवं सौहाद्र वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय में नवप्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को पेन एवं कॉपी वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# डॉक्टर्स-डे पर चिकित्सकों की सेवा और समर्पण का सम्मान





**नवापारा-राजिम।** नगर की प्रतिष्ठित पृथ्वीम वेलफेयर फाउंडेशन ने डॉक्टर्स-डे के अवसर पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान किया है। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बलजीत सिंह, वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ श्रीमती डॉ. एम कौर एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के आर सिन्हा को पौधा देकर उनके समर्पण एवं मानव सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने कहा कि डॉक्टर्स डे सभी चिकित्सकों के प्रति सम्मान का दिन है। चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है। जो पूरी निष्ठा एवं सेवा भाव से मरीजों के रोगों को दूर करने का काम करते है। छोटे शहरों में सीमित संसाधनों के बावजूद अपने योग्यता एवं अनुभव के बदौलत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है। पृथ्वीम फाउंडेशन उन सभी चिकित्सकों के प्रति सम्मान व्यक्त करती है। फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने कहा कि नवापारा नगर के डॉक्टर दंपति डॉ. बलजीत सिंह एवं श्रीमती डॉ. एम कौर विगत पांच दशकों से लोगों की सेवा में समर्पित है। जिन्हें सम्मानित कर पृथ्वीम वेलफेयर फाउंडेशन गर्व महसूस कर रही है। कोरोना महामारी में नगर के सभी चिकित्सकों के प्रयास से हजारों जिंदगी बच पाई थी। अपने जान की परवाह किए बगैर मरीजों को ईलाज उपलब्ध कराया। आज डॉक्टर्स डे पर सभी चिकित्सकों एवं चिकित्सा जगत से जुड़े पैरामेडिकल स्टाफ, डायग्नोसिस स्टॉफ, नर्स, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करती है। सम्मान अवसर पर पृथ्वीम फाउंडेशन के सदस्य कल्पना पाण्डेय, साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, योगेश्वरी सहज अंशुमन देवांगन, तुषार साहू मौजूद रहे।

### मॉर्निंग मस्ती ग्रुप ने डॉक्टर्स डे पर डॉ. सिन्हा का किया सम्मान

**नवापारा-राजिम।** नगर की सामाजिक संस्था मॉर्निंग मस्ती ग्रुप के तत्वावधान में स्थानीय नेहरू बाल उद्यान में डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. के. आर. सिन्हा का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने डॉक्टरों के समाज में योगदान को याद करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सदस्य अशोक गंगवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉक्टर वास्तव में इस धरती के भगवान होते हैं, जो निस्वार्थ भाव से मानव जीवन की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी डॉक्टर अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज को नई दिशा और जीवन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों ने डॉक्टरों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके सम्मान में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में ठाकुरदास सायरानी, गोपाल अग्रवाल, कमलेश साहू,प्रेम साधवानी, महावीर पारख, मुरली पिंजानी, शिव भगवान शर्मा, अशोक सचदेव, दिलीप रावलानी, तुकाराम कंसारी, संतोष सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने डॉक्टर्स डे को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत सभी डॉक्टरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में मॉर्निंग मस्ती ग्रुप के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।



## राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू सम्मानित



**राजिम।** राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू को दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मनित किए जाने पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में संयोजक नारायण साहू, यशवंत दीवान, एन आर साहू एवं इंजीनियर नारायण साहू मौजूद रहे। इस अवसर पर समाजसेवी हनुमत साहू एवं आनंद साहू ने अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन योगिता साहू एवं घनश्याम साहू ने किया। समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा देवी साहू की गरिमामयी उपस्थिति में सामाजिक एकता एवं सशक्तिकरण की शपथ दिलाई गई, जिसका वाचन जागृत साहू ने किया। महेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान टेमन साहू, स्वर्गीय अजय साहू, स्वर्गीय मेघराज साहू को दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं लाला राम साहू, रामलखन साहू, योगीराज साहू, मोहनलाल साहू, प्रेमलाल साहू, राजेश कुमार साहू एवं प्रहलाद साहू को समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

# योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

■ डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म प्रशिक्षण सह कार्यशाला दादरगांव में

**रसेला।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म अभियान की कार्यशाला ग्राम दादरगाव नया में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यशाला में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थित रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मलेवाअचल मंडल के प्रभारी पारस ठाकुर,सोशल मीडिया जिला संयोजक अमित वखारिया डीएलपी प्रशिक्षण प्रभारी, मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, डीएलपी मंडल सहप्रभारी भुवेन्द्र मरकाम, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्य सहित जनप्रतिनिधि ने भारत माता,डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी अमित वखारिया ने बताया कि संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और सेवा भाव को प्रत्येक कार्यकर्ता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन आज भी भारतीय राजनीति एवं सुशासन का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की नीतियों एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें। मलेवाअचल के प्रभारी पारस ठाकुर ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म प्रशिक्षण पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आधुनिक युग में डिजिटल तकनीक संगठन को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने का माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म कार्यकर्ताओं को किसी भी समय और किसी भी स्थान से संगठन के इतिहास विचारधारा, कार्यपद्धति, नेतृत्व विकास, चुनाव प्रबंधन तथा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर बालकराम मरकाम, परमेश्वर यादव,थानेश्वर कंवर, सुरेन्द्र ठाकुर, दीपेश दीवान,कुशल ध्रुव, देवेश ठाकुर,अनस निषाद, उमेश कुमार ध्रुव, खेमसिंह मरकाम,रतन ठाकुर,सुरेश चंद मरकाम सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित पोलिंग बूथों के अध्यक्ष और कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

# भाजपा की डबल इंजन सरकार महिलाओं के विकास के लिए कर रही कल्याणकारी योजनाएं संचालितः अवस्थी

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के बुधवार दोपहर एक बजे नगर पहुंचने पर भाजपाइयों ने आत्मीयता स्वागत किया। लोकनिर्माण विभाग विश्रामगृह में क्षेत्रभर से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता- पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने राज्य तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील की।

इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा, राज्य की विष्णुदेव साय सरकार और केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा गरीब महिला, किसान, युवा सभी वर्गों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है, जो अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के आवास निर्माण के संकल्प को तेजी से पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री की प्रथम कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख गरीब परिवारों के लिए आवास स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही आवास प्लस योजना की पात्रता में शिथिलता देकर अधिक से अधिक पात्र सरकारी योजनाओं का सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, बोनस वितरण तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं—बहनों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही रामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को तीर्थयात्रा का अवसर भी उपलब्ध कराया जा रहा है।



श्रीमती अवस्थी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष गरीब कल्याण सुशासन महिला सशक्तिकरण युवा शक्ति को समर्पित रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, जनधन योजना, स्वच्छता मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, गरीब कल्याण अन्ना योजना आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप, लखपति दीदी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि योजनाएं धरातल पर लागू की है। वहीं करोड़ों भारतीयों का आशा विश्वास का केंद्र बने। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ अंत्योदय के मूल मंत्र की भावना को आत्मसात किये मोदीजी ने गरीबी हटाई।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित योगेश शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू, सरिता सेन, गुरूनारायण तिवारी, कुमारी बाई पटेल, घनश्याम मरकाम, दिनेश सचदेव, सुहागा पाड़े, गौरी मरकाम, टंकेश्वरी कश्यप, केसर ठाकुर, प्रमिला सोनवानी, शांति जगत, रामस्वरूप साहू, तुलसी राठौर, दिलीप साहू, रामदास वैष्णव, मनोहर बघेल, नंदकिशोर चौबे, समन यादव, अनुज कश्यप, गोविंद राम, रोहित नायक, हेमंत साहू, अजय बघेल, मनोज निर्मलकर, कोमल सोनवानी, दाउलाल ध्रुव, उपेन्द्र साहू, जनक यादव, सुधीर ठाकुर, दुलार सिन्हा, मनोज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए फोकटपारा स्कूल के दो विद्यार्थी चयनित



**सुरसाबांधा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फोकटपारा किरवई के दो विद्यार्थी मोनिका साहू पिता कुलेश्वर साहू एवं देवेंद्र कुमार मारकंडे पिता संतु राम मारकंडे का चयन राष्ट्रीय साधन सहयोग्यता छात्रवृत्ति के लिए हुआ है । संस्था प्रभारी गैंद राम साहू ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एक छात्रवृत्ति योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने से रोकना और 9वीं से 12वीं तक उनकी शिक्षा के लिए प्रतिवर्ष 12,000 की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। जिससे वह अपनी आगे की पढ़ाई बिना किसी आर्थिक बड़ा के जारी रख सकें। दोनों विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बीच कठिन परिश्रम अनुशासन एवं नियमित अध्ययन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है उनकी इस उपलब्धि को ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

### डीएसपी प्रेम साहू को दी गई विदाई



**राजिम।** पुलिस विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद डीएसपी प्रेम साहू 30 जून मंगलवार को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके सेवानिवृत्त होने पर बलौदाबाजार पुलिस परिवार की ओर से एक गरिमामय सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें पूरे ससम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह में उपस्थित एसपी ओपी शर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह,डीएसपी राजेश श्रीवास्तव ने प्रेम साहू के सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया और उनके कार्यकाल की जमकर सराहना की। पुलिस परिवार की ओर से एसपी श्री शर्मा ने उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्वल एवं स्वस्थ्य भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने के बाद राजिम क्षेत्र के उनके शुभचिंतक व परिवार के लोगो ने अभिनंदन किया।

### आंगनबाड़ी में बच्चों की आरती उतार, फूलमाला के साथ स्वागत



**मैनपुर।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 जुलाई को नौनिहाल बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। बच्चों का फूलमाला से स्वागत करते हुए मिठाई खिलाई गई। नये शिक्षा सत्र में बच्चों को आंगनबाड़ी में आने के लिए प्रेरित करने केन्द्र में जोरदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति बिलासो ध्रुव और मोहल्ले के लोगों ने बच्चों का स्वागत किया।


कार्यालय कलेक्टर (विवाह शाखा)
गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक/क-1608/ विवाह अधि. / 2026
गरियाबंद, दिनांक 15/06/2026

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है आवेदक डिगेश्वर सोनी पिता सालिक राम सोनी उम्र 25 वर्ष ग्राम तोरला तहसील नवापारा जिला रायपुर (पति) एवं आवेदिका अमृता घोघरे पिता रोशनलाल घोघरे उम्र 20 वर्ष ग्राम रवेली तहसील राजिम जिला गरियाबंद (पत्नि) ने हिंदु विवाह अधिनियम के अधीन अपने विवाह के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण में आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15/07/ 2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/06/2026 को इस कार्यालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)


# राजनेताओं ने लिया संत कबीर के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प

**खास बातें**

- कबीर आश्रम सोनपैरी बना आध्यात्मिक चेतना का केंद्र



**नवापारा-राजिम।** संतों की वाणी केवल धार्मिक उपदेश नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने वाली जीवनशैली है। संतों के विचारों को यदि जीवन में आत्मसात किया जाए तो घर-परिवार में प्रेम, समाज में समरसता और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का वातावरण स्वतः निर्मित हो सकता है। सोनपैरी स्थित कबीर आश्रम में आयोजित संत कबीर जयंती महोत्सव के दौरान पूरे तीन दिन यही संदेश हर ओर सुनाई दिया। घने पेड़ों और हरियाली से आच्छादित विशाल आश्रम परिसर में प्रवेश करते ही ऐसा अनुभव होता है मानो प्रकृति और अध्यात्म का अदभुत संगम हो। शांत वातावरण, साधु-संतों का अनुशासित एवं संयमित आचरण तथा हजारों श्रद्धालुओं की श्रद्धा ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता एवं भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था भी आश्रम की सेवा-भावना का परिचायक रही। आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब अपनी अपेक्षाकृत कम आयु में ही सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विषयों की गहरी समझ रखते हैं। उनके प्रेरक विचार और सरल व्यक्तित्व लोगों को सहज ही प्रभावित करते हैं। उनके नेतृत्व और प्रयासों से आयोजित इस महोत्सव में अनेक राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। 29 जून को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और विशिष्ट अतिथि उपस्थित हुए। सभी ने राष्ट्रसंत असंगदेव साहेब की अमृतवाणी को सुना, उसे जीवन में अपनाने का संकल्प लिया तथा समाज में समरसता, भाईचारे और प्रेम का वातावरण बनाने का आह्वान किया। संतों ने अपने संदेश में स्पष्ट कहा कि ऊँच-नीच, जाति-पांति, बड़ा-छोटा और भेदभाव जैसी संकीर्ण सोच समाज को कमजोर करती है तथा लोगों के बीच दूरियाँ बढ़ाती है। इसके विपरीत प्रेम, समानता और सेवा की भावना समाज को मजबूत बनाती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति संतों के इन अमूल्य विचारों को अपने जीवन का हिस्सा बना ले, तो हर घर में सुख, हर परिवार में शांति और हर गाँव में आनंद का वातावरण स्थापित हो सकता है। कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली संदेश रहा कि प्रेम से बढ़कर इस संसार में कोई शक्ति नहीं है। संतों ने कहा कि जहाँ प्रेम है, वहाँ वैमनस्य के लिए कोई स्थान नहीं रहता। यही प्रेम परिवारों को जोड़ता है, समाज को संगठित करता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता है। सोनपैरी का यह आध्यात्मिक आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, मानवीय मूल्यों और प्रेम का सशक्त संदेश देने वाला प्रेरणादायी महोत्सव बन गया। आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने राष्ट्रीय संत असंगदेव साहेब एवं सभी अतिथि राजनेताओं, साधु संतो तथा बड़ी संख्या में पहुंचे शिष्यों, साधकों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीणों को कानून, सुरक्षा की दी जानकारी

# गांव-गांव पहुंची पुलिस, सहसपुर में साइबर फ्रॉड और यातायात नियमों पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



ग्राम सहसपुर में बुधवार को गरियाबंद पुलिस द्वारा जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। पाण्डुका थाना प्रभारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को कानून, सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के दौरान एस आई हेमंत कुमार साहू ने बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि अज्ञात मोबाइल कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करना, ऑनलाइन लॉटरी, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर ठगी, सोशल मीडिया के माध्यम से धोखाधड़ी तथा डिजिटल भुगतान से जुड़े साइबर फ्रॉड से कैसे बचा जाए। ग्रामीणों से अपील की गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति को बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें।

यातायात जागरूकता के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

इस अवसर पर डायल 112 की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति, दुर्घटना, अपराध अथवा अन्य संकट की स्थिति में डायल 112 के माध्यम से तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही भारतीय न्याय प्रणाली में लागू नए कानूनों की भी सरल भाषा में जानकारी देते हुए नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती भी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय एकीकरण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। उपस्थित लोगों को सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने तथा समाज में एकता, भाईचारा और कानून के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनसहयोग के बिना अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को पुलिस का सहयोगी बनकर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचानी चाहिए। जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की सबसे बड़ी ताकत होते हैं।

ग्रामीणों ने इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम गांवों में समय-समय पर आयोजित होने चाहिए, ताकि लोगों को कानून, सुरक्षा और आधुनिक साइबर अपराधों से बचाव की सही जानकारी मिल सके। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ के साथ किया गया।

इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि नरशु ध्रुव, जीवन साहू ग्राम पीटीला, खिलेश साहू पूर्व जनपद, बद्रीनाथ साहू, शरधा वर्मा पंच, याद राम धंडकर, खुमन साहू, गौतम साहू, त्रिलोकी साहू, घना साहू, डायमंड साहू, महेंद्र गंधर्व, संतोष कुलदीप, तिरिथ साहू, सेउक साहू, पाण्डुका थाना से एसआई हेमंत साहू, प्रधान आरक्षक गीतेश कोमर्रा,धर्मेन्द्र ध्रुव, सुरेश पटेल आदि मौजूद थे।

## पांडुका में शराब भट्ठी खोलने की मांग का महिला समूहों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- अवैध शराब पर कार्रवाई और गांव में शराब दुकान हरगिज नहीं होने की मांग की

जिले के ग्राम पांडुका में पिछले दिनों ग्रामसभा के दौरान कुछ युवाओं द्वारा शराब भट्ठी देशी शराब दुकान पुनः खोलने की मांग का आवेदन सरपंच भानु ध्रुव को सौंपे जाने के बाद गांव सहित आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। आवेदन में हस्ताक्षर करने वाले युवाओं का तर्क है कि गांव में पहले से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, इसलिए अधिकृत शराब भट्ठी खोल दी जाए। हालांकि इस मांग का पांडुका सहित आसपास के लगभग 22 गांवों के महिला स्व-सहायता समूहों ने तीखा विरोध किया है।

महिलाओं का स्पष्ट कहना है कि किसी भी परिस्थिति में पांडुका में दोबारा शराब भट्ठी नहीं खोली जानी चाहिए। उनका कहना है कि यदि गांव में अवैध शराब बिक रही है तो उसका समाधान सरकारी शराब दुकान खोलना नहीं, बल्कि अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। महिला समूहों का कहना है कि पुलिस, आबकारी विभाग तथा जिला प्रशासन को नामजद शिकायत दी जाए। यदि अवैध शराब बेचने वालों पर लगातार कार्रवाई होगी तो उनका मनोबल स्वतः टूट जाएगा, लेकिन पूरे गांव और क्षेत्र को प्रभावित करने वाली शराब दुकान खोलना समस्या का समाधान नहीं है। ग्रामीणों ने याद दिलाया कि पांडुका में पहले शराब भट्ठी संचालित होती थी। उस समय गांव में आए दिन विवाद, मारपीट, गुंडागर्दी और अशांति का माहौल बना रहता था। इसका असर केवल पांडुका तक सीमित नहीं था, बल्कि आसपास के 20 से 25 गांव भी इससे प्रभावित होते थे। महिलाओं और परिवारों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में शराब भट्ठी बंद कराने के लिए जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष डॉ श्वेता शर्मा ने महिला समूहों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन चलाया था। महिलाओं ने सड़क पे घंटों बैठकर धरना-प्रदर्शन किया और लगातार जनदबाव बनाया, जिसके परिणामस्वरूप शासन-प्रशासन को पांडुका की शराब भट्ठी बंद करनी पड़ी। इसके बाद गांव का माहौल अपेक्षाकृत शांत हुआ और सामाजिक वातावरण में सुधार देखने को मिला। अब वर्षों बाद फिर शराब भट्ठी खोलने की मांग उठने पर महिला समूहों ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन शराब भट्ठी खोलने का निर्णय लेता है तो वे फिर से लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगी।

## सहकार से समृद्धि के संकल्प को सशक्त बनाने चरौदा में ध्वजारोहण



**छुईहा बेलर।** चरौदा कृषक सहकारी समिति में सहकारी सप्ताह का आयोजन मुख्य अतिथि प्राधिकृत अधिकारी इतवारी राम सिन्हा, अध्यक्षता सरपंच गजानंद साहू ने ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्राधिकृत अधिकारी इतवारी सिन्हा, सरपंच गजानन साहू, समिति प्रबंधक हेमन्त साहू, मनोज पटेल, हरक निर्मलकर, गोकरण ध्रुव,बरसन पटेल संतु साहू, तिजाऊ सिन्हा, कामता सिन्हा, रूपेन्द्र साहू, तोषण, रविन्द्र ध्रुव सहित समिति परिसर में किसान, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्राथमिक सहकारी समितियों के स्तर पर सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने, सहकारी संस्थाओं की उपलब्धिय सुविधाएं को आमजन तक पहुंचाकर और उसमें सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी क्रम में कलेक्टर समीति चरौदा प्रबंधक हेमन्त साहू ने सहकारी सप्ताह के माध्यम से सहकार से समृद्धि की भावना को साकार करने के लिए सहकारी क्षेत्र की उपलब्धियों, नवाचारों एवं योगदान को व्यापक स्तर पर आमजनों तक रखने का उद्देश्य है। इस सप्ताह में प्रतिदिन इस अवधि में एक नवाचार में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, किसान संगोष्ठी, स्वास्थ्य शिविर, सहकारिता सम्मेलन, जागरूकता कार्यक्रम, हितधारक संवाद तथा विभिन्न जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 2 जुलाई को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), रूपे केसीसी कार्ड, एटीएम सुविधा एवं बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करते हुए संबंधित कार्यवाही भी की जाएगी। 3 जुलाई को पौधारोपण अभियान संचालित किया जाएगा, सहकारिता की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी। 4 जुलाई को जिला कार्यालय में सहकारिता संगोष्ठी आयोजित होगी, जिसमें सहकारी संस्थाओं की भूमिका, भविष्य की योजनाओं तथा सहकारिता के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।



## प्राथमिक सहकारी समिति में सहकारी सप्ताह का शुभारंभ

**फिंगेश्वर।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर में संस्था द्वारा सहकारी सप्ताह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व संचालक भागवत हरित,वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर के पूर्व अध्यक्ष रामू राम साहू, प्राधिकृत अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा पूर्व संचालक एवं वरिष्ठ नेता पूनम यादव अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सहकारिता गीत सभी ने मिलकर गया मंच पर उपस्थित अतिथियों का समिति प्रबंधक मनोज कुमार साहू मनीष देवांगन ऑपरेटर अजय वर्मा सेल्समेन द्वारा फूलमाला एवं तिलक से स्वागत किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामू राम साहू ने कहा सहकारी सप्ताह का आयोजन केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देश पर किया गया है। श्री साहू ने कहा की किसानों के मजबूती के लिए तथा साहूकारों के चंगुल से बचने हेतु सहकारिता का प्रमुख भूमिका है जिनके माध्यम से किसान लाभान्वित होते हैं और किसानों का आर्थिक स्थिति मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# जनमन आवास योजना ने बदली कमार परिवार की तकदीर

- कच्ची झोपड़ी से पक्के आशियाने तक का सफर



**रसेला।** एक सुरक्षित घर केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं होता, बल्कि वह सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव होता है। अंचल के गांव कारीमाटी में रहने वाले नारद कमार के परिवार के लिए यह सपना अब हकीकत बन चुका है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने उनके जीवन में ऐसा बदलाव लाया है, जिसने वर्षों की कठिनाइयों को पीछे छोड़कर उन्हें नए जीवन का भरोसा दिया है। ग्राम पंचायत रसेला के पारा कारीमाटी के निवासी नारद पिता रामरतन कमार लंबे समय तक कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे। बरसात के मौसम में टपकती छत, सीलन भरी दीवारें और सांप-बिच्छुओं का डर उनके परिवार की सबसे बड़ी चिंता हुआ करता था। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण पक्का घर बनाना उनके लिए असंभव सपना बन चुका था।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास ने नारद कमार के परिवार को एक सुरक्षित, मजबूत और सम्मानजनक आशियाना प्रदान किया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सतत निगरानी और ग्राम स्तर पर समन्वित प्रयासों से उनका घर समयबद्ध तरीके से तैयार हुआ।

आज नारद कमार का परिवार एक ऐसे पक्के मकान में रह रहा है, जहां बरसात अब भय नहीं, बल्कि राहत लेकर आती है। न छत से पानी टपकता है और न ही परिवार को जहरीले जीव-जंतुओं के खतरे का सामना करना पड़ता है। सुरक्षित आवास ने उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाते हुए भविष्य के प्रति नया आत्मविश्वास भी जगाया है।नारद कमार कहते हैं, “पक्का घर मिलने के बाद हमारा जीवन पूरी तरह बदल गया है। अब हम बिना किसी डर और चिंता के अपने घर में सम्मान और सुकून के साथ रह रहे हैं। सरकार ने हमारे परिवार को नई जिंदगी दी है।” राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार के सहयोग से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों तथा पात्र ग्रामीण परिवारों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरी हैं। अंचल में भी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत हजारों पात्र परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इन योजनाओं ने अनेक आदिवासी और ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उन्हें सुरक्षित आवास, सामाजिक सम्मान और बेहतर भविष्य का विश्वास दिया है। नारद कमार की कहानी इस बात का सशक्त उदाहरण है कि जब सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं, तो वे केवल घर नहीं बनातीं, बल्कि जीवन में सुरक्षा, सम्मान, आत्मविश्वास और नई उम्मीदों की मजबूत नींव भी तैयार करती हैं।

# हायर सेकंडरी खड़मा में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव मना



**मुड़ागांव (कोरासी)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़मा में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, शिक्षाविद त्रिलोचन साहू, उपाध्यक्ष रूपेश्वर साहू, गुलशन सिन्हा, पूर्णिमा कंवर, विमल ध्रुव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं के दो घर होते हैं। पहला घर वह है, जहां वह अपने परिवार के साथ रहता है, और दूसरा घर विद्यालय है, जहां वह शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति करता है। उन्होंने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।




## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा की मासिक बैठक कल

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा छुरा की मासिक बैठक 3 जुलाई को पेंशनर भवन, छुरा में आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही पेंशनरों की समस्याओं, सुझावों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। तहसील शाखा छुरा के अध्यक्ष तिलक राम सिन्हा ने सभी पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन लेंगे 31 तक

**गरियाबंद।** भारत सरकार द्वारा सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्र एवं उत्कृष्ट व्यक्तियों के नामांकन 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन केवल भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर किए जा सकेंगे। जिला प्रशासन ने सभी विभागों एवं संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पुरस्कार संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार को कहा है। ताकि जिले के योग्य एवं उत्कृष्ट व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने का अवसर मिल सके।

### ब्लॉक के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में नहीं पहुंचीं पुस्तकें



**छुरा:** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चमन यादव ने बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जो बीजेपी सरकार का दिखावा है। छुरा ब्लॉक एवं अन्य ब्लॉक में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में अभी तक अभी तक पुस्तकें नहीं मिली है और बीजेपी सरकार द्वारा जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है बीजेपी सरकार सरकारी स्कूल को लेकर गंभीर नहीं है। अगर जल्द से जल्द जिला के सरकारी स्कूलों में पुस्तक नहीं मिली तो आम आदमी पार्टी उग्र आंदोलन करेंगी और साथ साथ जिला शिक्षा विभाग का घेराव करेंगी। उन्होंने कहा कि यह शाला प्रवेश उत्सव महज कागजी कार्रवाई है, जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि छात्रों को बिना किताबों के स्कूल में प्रवेश दिलवाना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है और यह शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन भी है। आम आदमी पार्टी की मांग है कि तत्काल प्रभाव से सभी सरकारी स्कूलों में किताबें उपलब्ध कराई जाएं और यदि ऐसा नहीं होता है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जब बच्चों के पास पढ़ने के लिए किताबें ही नहीं हैं, तो शाला प्रवेश उत्सव मनाने का क्या औचित्य है? यह सिर्फ जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया और जल्द से जल्द किताबें उपलब्ध नहीं कराईं, तो उन्हें गरियाबंद जिले में एक बड़े जन आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

# जुलाई के पहले दिन ही फिंगेश्वर झमाझम बारिश से भीगा

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

**गर्मी से मिली राहत, वर्षा होने से खेती किसानी के कार्य होंगे प्रारंभ**





जुलाई मास के प्रथम दिन ही नगर में हुई झमाझम बारिश से भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली हैं। वहीं खेल खलिहानों मे बुआई कार्य भी अब प्रारंभ होंगे। नगर के सड़कों एवं मैदानों में बारिश का पानी भर गया है। नगर पंचायत को बारिश से नागरिको को होने वाली तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। लोगों ने जाम पानी की निकासी करने की गुहार लगाई है।

नगरवासियों एवं किसानों के लिए 1 जुलाई का दिन बड़ा ही महत्वपूर्ण रहा है। लगभग 2 से 3 बजे के बीच गरज चमक के साथ मूसलाधार बारिश हुई। बारिश से मौसम सुहावना हुए वहीं खेत-खलिहान लबालब हो गए। बारिश के चलते वार्ड 13 में गायत्री मंदिर जाने के सड़क मार्ग पर पानी जाम रहा। जिसके चलते वार्ड में रहने वाले लोगों को इस मार्ग से आने जाने मे परेशानी हुई वही पर कुछ घरों मे सांप बिच्छु भी घुस गये, जिन्हें बाहर निकाला गया। वार्ड 13 की समस्या को लेकर वार्डवासियों ने बताया कि गायत्री मंदिर से लेकर बाजार जाने सड़क मार्ग डामरीकृत था। सड़क में पानी भर जाने के कारण उखड़ गई। उसके बाद सड़क निर्माण नहीं हो पाया है। नगर पंचायत के पार्षद से पानी जाम की समस्या को लेकर जानकारी दी गई थी।

लेकिन आज पर्यंत तक ठीक से मुरूम तक नहीं बिछायी गयी है। वार्ड 13 में आवासीय भवन के पास मैदान में पानी जाम रहा। जिस पर बच्चे मस्ती करते हुए सायकिल चलाते दिखे। इसी प्रकार वार्ड 12 मे कालेज मैदान ग्राउंड पूर्व के भांति डबरी एवं तालाब का आकार ले लिया है। वार्डवासियो ने कहा कि पानी जाम होने से मच्छर पनपते हैं, जिससे लोगो को मलेरिया होने का खतरा बढ़ जाता है। नगर पंचायत को पानी निकासी की व्यवस्था दूर कर नागरिको की मदद करनी चाहिए।

## खेती-किसानी पिछड़ने से गांवों में चिंता का माहौल

# बारिश के दिनों में आषाढ़ सूखा, बादल लापता, किसानों को बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



आषाढ़ का महीना शुरू हो चुका है, लेकिन अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से ग्रामीण अंचलों में चिंता का माहौल है। खेतों में बोवनी का समय निकलता जा रहा है, जबकि आसमान में बादल तो दिखाई देते हैं, पर बरसने का नाम नहीं ले रहे। किसान सुबह से शाम तक आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं और इंद्रदेव की कृपा का इंतजार कर रहे हैं।


समय पर वर्षा नहीं होने के कारण खेती-किसानी का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिन किसानों ने खेतों की जुताई और बुवाई की तैयारी पूरी कर ली थी, वे अब बारिश का इंतजार करते-करते परेशान हो चुके हैं। कई किसानों ने बीज और खाद खरीदकर रख लिए हैं, लेकिन पर्याप्त नमी नहीं होने से बोवनी शुरू नहीं हो पा रही है। यदि जल्द वर्षा नहीं हुई तो खरीफ फसलों की पैदावार पर गंभीर असर पड़ सकता है।

बारिश की कमी का असर केवल खेती तक सीमित नहीं है। गांवों के तालाब, नदी-नाले और छोटे-छोटे झरने अब भी सूखे पड़े हैं। पेड़-पौधे भी मुरझाने लगे हैं और पशु-पक्षियों को पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। गर्मी और उमस से आमजन का जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष आषाढ़ लगते ही अच्छी वर्षा शुरू हो जाती थी, जिससे खेतों में रौनक लौट आती थी। इस बार मौसम की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में हल चलाने वाले किसान अब हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं और हर गुजरते दिन के साथ उनकी बेचैनी बढ़ती जा रही है।

### आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि खरीफ फसलों के लिए समय पर वर्षा अत्यंत आवश्यक है। यदि आने वाले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो सकता है, जिससे उत्पादन घटने के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। ग्रामीण अंचलों में अब एक ही प्रार्थना सुनाई दे रही है, जल्द से जल्द अच्छी वर्षा हो, ताकि खेतों में हरियाली लौटे, नदी-नाले लबालब भरें, पशु-पक्षियों को पानी मिले और किसानों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट सके। फिलहाल पूरा गांव और किसान समुदाय आसमान की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।

## खेतों में धान की बोवाई हुई, पर नहीं बरस रहा पानी



**सुरसाबांधा।** खेत तैयार हैं, हल चल चुके हैं, ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट थम चुकी है और हजारों किसानों ने जोखिम उठाकर बुआई भी कर दी है। अब उनकी निगाहें सिर्फ आसमान पर टिकी हैं। लेकिन बादलों की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। समय पर बारिश नहीं होने से खेतों में डाला गया बीज मिट्टी में पड़ा-पड़ा नमी का इंतजार कर रहा है। यदि जल्द वर्षा नहीं हुई तो बीज खराब होने का खतरा मंडराने लगा है, जिससे किसानों की मेहनत और पूंजी दोनों पर संकट गहरा सकता है।

हर वर्ष की तरह इस बार भी किसान उम्मीदों के सहारे खेती की शुरूआत करते हैं। खेती केवल मेहनत का नहीं, बल्कि जोखिम का भी दूसरा नाम है। किसान अपनी जमा-पूंजी और कर्ज के सहारे खेत तैयार करता है, बीज और खाद खरीदता है, लेकिन उसकी पूरी मेहनत मौसम पर निर्भर रहती है। मौसम मेहरबान रहा तो खेत सोना उगलते हैं, लेकिन यदि बारिश ने साथ नहीं दिया तो सारी उम्मीदें धरी की धरी रह जाती हैं। इस बार शहर से लेकर गांवों तक का नजारा एक जैसा है। दूर-दूर तक जुताई किए हुए खेत दिखाई देते हैं। कहीं बीज डाला जा चुका है तो कहीं किसान बारिश की पहली अच्छी फुहार का इंतजार कर रहे हैं। जिन किसानों ने जोखिम उठाकर बुआई कर दी है, उनकी चिंता सबसे ज्यादा बढ़ गई है। खेतों में पड़ा बीज अब पानी के अभाव में अंकुरित नहीं हो पा रहा है। श्यामनगर के चंद्रशेखर साहू, जेंजरा के महेश साहू, भैंसातरा के हरखराम साहू जैसे अनेक किसानों का कहना है कि खेती में चुनौतियों की कभी कमी नहीं रहती। कभी बारिश कम हो जाती है, कभी अतिवृष्टि फसल चौपट कर देती है। कभी कीट प्रकोप नुकसान पहुंचाते हैं तो कभी खाद और बीज की किल्लत परेशान करती है।

मजदूरों की कमी अलग से मुश्किल बढ़ाती है।लगातार बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरों पर चिंता साफ दिखाई दे रही है। गांवों की चौपालों से लेकर खेतों की मेड़ों तक चर्चा का एक ही विषय है-आखिर बारिश कब होगी? हर गुजरते दिन के साथ किसानों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। धरती प्यास से तप रही है और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। अब उनकी उम्मीद केवल समय पर होने वाली अच्छी बारिश पर टिकी है। यदि जल्द ही मानसून सक्रिय नहीं हुआ तो खेती की शुरूआत ही संकट में पड़ सकती है, जिसका असर न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा बल्कि आने वाले समय में कृषि उत्पादन पर भी दिखाई देगा। फिलहाल किसान प्रार्थना कर रहे हैं कि बादल जल्द बरसें, ताकि सूखी धरती फिर से हरियाली की चादर ओढ़ सके और खेतों में पड़ी उम्मीदें अंकुरित होकर सुनहरे भविष्य का रूप ले सकें।



### सांसद के पहुंचने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव सहित सभी नेता नजरबंद

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस द्वारा सांसद रूप कुमारी चौधरी को क्षेत्र के समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने की घोषणा एक दिन पहले की गई थी, लेकिन कांग्रेसियों द्वारा काले झंडे दिखाने के डर से पुलिस ने सुबह पहाट 6 बजे ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव को उनके निवास से उठाकर मैनपुर थाना में लाकर नजरबंद कर दिया। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दु यादव एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पूरे कार्यक्रम समाप्त होते तक मैनपुर थाना में बिठाकर रखा और सांसद के वापसी के दौरान उनसे मुलाकात करवायी गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने उन्हें आवेदन देकर समस्या समाधान करने की मांग की।

- स्कूल भवन की मांग को लेकर काला सांसद को झंडा दिखाने की थी तैयारी

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेन्दु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, डोमार साहू, लिकेश यादव, इम्तियाज मेमन, पारेश्वर नेताम ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा हम लोगों को सुबह से ही पुलिस नजर बंद कर रखी थी, क्या क्षेत्र की समस्या को बताना गलत है। सांसद आखिर क्षेत्र की जनता से क्यों डरती है, क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान करने के बजाय उन्हें कुचलने का कार्य किया जा रहा है। यह गंभीर आरोप कांग्रेसियों ने लगाया, क्षेत्र की जनता की कीमती वोट से चुनाव जीतने वाले सांसद आज क्षेत्र की जनता से मुलाकात करने से कतरा रही है। आने वाले चुनाव में इसका जवाब क्षेत्र की जनता देगी। कांग्रेस द्वारा मांग की गयी कि मैनपुर जिस स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वह स्कूल भवन की स्थिति बेहद खराब है उसकी मरम्मत किया जाये क्षेत्र के जर्जर स्कूलों की सुधार किया जाये अधुरे स्कूल भवनों को पूर्ण किया जाए, पर्याप्त शिक्षक की व्यवस्था की जाए मांग को लेकर काला झंडा दिखाने वाले थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में दें योगदान : निरंजन



**कोपरा।** सहकारिता मंत्रालय स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सहकारी सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को प्राथमिक कृषि साख समिति तर्रा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल है। हम सभी एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान जरुर दें। इस अवसर पर खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू,नगर पंचायत सदस्य प्रणय कुमार साहू प्राधिकृत अध्यक्ष चतुर राम साहू,अध्यक्ष कृषक सेवा समिति जेंजरा महेश कुमार साहू, अध्यक्ष कृषक सेवा समिति देवरी,लीला राम साहू,अध्यक्ष कृषक सेवा समिति कौंदकेरा बाबू लाल साहू,अध्यक्ष कृषक सेवा समिति सहसपुर लाला राम साहू,अध्यक्ष कृषक सेवा समिति लोहरसी,धनी राम साहू,प्रभारी प्रबंधक रामआशीष साहू,प्रभारी प्रबंधक गिरजाशंकर साहू,प्रभारी प्रबंधक नीलकंठ साहू,प्रभारी प्रबंधक अमर दास, प्रभारी प्रबंधक तेजराम यादव,नोडल अधिकारी गरियाबंद शिवेश मिश्रा,शाखा प्रबंधक कोपरा एच.आर. ध्रुव, पर्यवेक्षक कोपरा,प्रभा शंकर मिश्रा,पर्यवेक्षक गरियाबंद एन.के.साहू जी सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुंडेल में जोरशोर से मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**छुईहा बेलर।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के तहत ग्राम कुंडेल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को शासन से प्राप्त निःशुल्क पुस्तकें, कॉपी एवं पेन वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कुंडेल के सरपंच गज्जू सिन्हा ने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यालय के प्रति सदैव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा रखी गई नए किचन शेड की मांग को पूरा कराने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अरुण कंवर ने की। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा सरकारी स्कूलों में शिक्षा दिलाने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक बिसन दिवान ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए प्रधानपाठक एवं समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। शिक्षाविद रमेश कुमार सिन्हा ने नवीन शिक्षा सत्र के लिए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि पहली कक्षा में 26 विद्यार्थियों का प्रवेश फिंगेश्वर विकासखंड के छूहिया संकुल केंद्र के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानपाठक एवं समस्त शिक्षकों के सतत प्रयासों को दिया। साथ ही पालकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, गृहकार्य कराने एवं अच्छे संस्कार देने की अपील की। इस अवसर पर उपसरपंच श्रीमती कुश बाई पुरेना, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष शरीफ खान, प्रधानपाठक श्रीमती सरिता गायकवाड़, आशाराम रजक, नरेंद्र कंवर, संतोष वर्मा, श्रीमती जमुना ध्रुव, दीपा साहू, यादराम सिन्हा, देवलाल चक्रधारी, खिलेश्वर सिन्हा, चेतन सिन्हा, मधु कंवर, जमुना निषाद, समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऐसे आवास को लेने से किया इनकार

# नकटी में विधायक आवास नहीं लेंगे एमएलए जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





ग्राम पंचायत नकटी में प्रस्तावित विधायक कॉलोनी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब और गहरा गया है। प्रशासन द्वारा कथित तौर पर गरीब परिवारों के आशियाने हटाए जाने के बाद कई परिवार बेघर हो गए हैं। गांव की मार्मिक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें उजड़े हुए मकान और खुले आसमान के नीचे अपना सामान समेटते परिवार दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों ने लोगों को भावुक कर दिया है और पूरे मामले को लेकर जनभावनाएं तेज हो गई हैं।

इसी बीच बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनकराम ध्रुव ने मानवीय रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया है कि गरीबों के आशियाने उजाड़कर बनाए जाने वाले विधायक आवास को वे स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने सरकार से विधायक कॉलोनी के लिए ग्राम नकटी के स्थान पर किसी अन्य उपयुक्त स्थल, विशेष रूप से नवा रायपुर, में भूमि आवंटित करने की मांग की है।

अपने पत्र में विधायक ध्रुव ने कहा है कि ग्राम नकटी में प्रस्तावित विधायक कॉलोनी का ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों की भावनाओं और जनहित का सम्मान करते हुए स्थल परिवर्तन किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों के लिए आवास निर्माण जरूरी हो सकता है, लेकिन इसकी कीमत गरीबों के सिर से छत छीनकर नहीं चुकाई जानी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी विधायक जनकराम ध्रुव के इस कदम की खुलकर सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि गरीब परिवारों के घर तोड़कर विधायक एवं अधिकारियों के लिए आवास बनाना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विधायक जनकराम ध्रुव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऐसे आवास को लेने से इंकार किया है और यही कांग्रेस की गरीबों के साथ खड़े रहने वाली विचारधारा है।

गौरतलब है कि ग्राम नकटी में विधायक कॉलोनी के लिए भूमि चिन्हित किए जाने के बाद से ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे थे। अब प्रशासन की कार्रवाई के बाद कई परिवारों के बेघर होने और गांव की तस्वीरों के वायरल होने से मामला राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई को लेकर क्या आधिकारिक कारण बताए गए हैं और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की क्या व्यवस्था की गई है, इस संबंध में आधिकारिक पक्ष सामने आना अभी बाकी है। इसे शामिल किए जाने पर खबर और अधिक संतुलित होगी।

